राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ. 6(5) परीक्षा 'ख'/SI-PC/2016–17 **दिनांक: 18/11/2020**

उप निरीक्षक पुलिस संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2016 के पदों के साक्षात्कार दिनांक 08.07.2020 से दिनांक 27.08.2020 तक आयोजित किये गये। अभ्यर्थियों की पात्रता जॉच में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा पूर्ण दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये जाने के कारण उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु 07 दिवस का समय दिया गया। तत्पश्चात् दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु पुनः 07 दिन का समय देते हुए स्मरण पत्र तथा एस.एम.एस. द्वारा सूचित किया गया था। तत्पश्चात् दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु पुनः 05 दिन का समय देते हुए अंतिम पत्र तथा एस.एम.एस. द्वारा सूचित किया गया था। साथ ही यह भी सूचित किया गया था कि निर्धारित समयावधि में वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर आयोग द्वारा आपकी पात्रता निरस्त कर दी जावेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी। परन्तु कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं गये हैं, जिससे उनकी पात्रता का निर्धारण नहीं किया जा सका है।

अतः उक्त भर्ती के ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा आज दिनांक तक वांछित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये हैं उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु अंतिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 23.11.2020 तक वांछित मूल प्रमाण–पत्र/दस्तावेज मय स्व–सत्यापित प्रतिलिपि आवश्यक रूप से आयोग को प्रस्तुत करें अन्यथा वांछित दस्तावेज के अभाव में उनकी पात्रता निरस्त कर दी जावेगी। जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। उक्त अभ्यर्थियों की मेरिटवार, रोल नम्बर की सूची आयोग की वेबसाईट www.rpsc.rajasthan.gov.in पर जारी की जा रही है।

(एस.एन.शर्मा)
उप सचिव